आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का उपक्रम)

प्रथम तल उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।

Email md@idabihar.com Web-www.idabihar.com Phone/ 0612-2675933,2675935 Fax: 0612-2675934

पत्रांक.....769/PDA 08/114/Tech./IDA/22 दिनांक 09/02/24

प्रेषक,

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)
आई0डी0ए0

Registered Post & E-Mail

सेवा में,

Max Tech Projects Pvt. Ltd.,
Flat No. 305, Bhagwan Kailash Aawas,
Ramdayal Path, Old Jakkanpur,
Patna – 800001.
E-mail id-maxtechprojectspvtltd@gmail.com

विषयः **Construction of Plug and Play Prefabricated Shed at Industrial Area, Bihta, Patna Phase-3 के कार्य के अंसतोषजनक प्रगति के कारण आगे किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किये जाने के संबंध में।**

प्रसंगः प्राधिकार का पत्रांक 5974/PDA दिनांक 02.11.2023, 6499/PDA दिनांक 25.11.2023, 405/PDA दिनांक 20.01.2024, 532/PDA दिनांक 29.01.2024 एवं कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0) का निरीक्षण प्रतिवेदन ज्ञापांक 663/PDA दिनांक 05.02.2024, 428/PDA दिनांक 22.01.2024

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक के संबंध में कहना है कि Construction of Plug and Play Prefabricated Shed at Industrial Area, Bihta, Patna, Phase-3 का एकरारनामा आपके द्वारा एकरारनामा सं0 42/SBD/2022-23 दिनांक 11.12.2022 किया गया है, जिसके अनुसार कार्य प्रांरभ करने की तिथि दिनांक 13.10.2022 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 12.04.2023 थी। उक्त परियोजना को पूर्ण करने की अवधि वर्त्तमान में समाप्त हो चुकी है। परंतु अभी तक आपके द्वारा एकरारित कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। आपके द्वारा अभी तक लगभग 70% निर्माण कार्य ही पूर्ण किया गया है, जो अत्यंत खेद का विषय है। कार्यस्थल पर निर्माण सामग्रियों के अभाव में कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी है।

आप पूर्णरूपेण अवगत हैं कि यह योजना सरकार की एक महत्वांकांक्षी परियोजना है, जिसकी निरंतर उच्चस्तरीय समीक्षा की जाती रही है एवं कार्य में तीव्रता लाने एवं एकरारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने हेतु आपको बारम्बार मौखिक, प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से एवं समय–समय पर प्राधिकार के समीक्षात्मक बैठक में प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा भी आवश्यक रूप से निदेशित किया जाता रहा है। फिर भी उपर्युक्त कार्य पूर्ण करने में आपके द्वारा उदासीनता एवं लापरवाही बरती जा रही है।

निर्माण कार्य के Milestone को प्राप्त नहीं करने के कारण उपर्युक्त प्रासंगिक पत्रों के द्वारा आर्थिक दण्ड भी लगाया गया है, फिर भी आपके द्वारा निर्माण कार्य में तीव्रता लाकर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

कार्य की धीमी प्रगति एवं विषयांकित कार्य को अब तक पूर्ण नहीं किये जाने के कारण आपसे सात दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की माँग प्राधिकार के पत्रांक 405/PDA दिनांक 20.01.2024 द्वारा किया गया था। निर्धारित अवधि के अंदर आपको जवाब अप्राप्त रहने के कारण प्राधिकार के पत्रांक 532/PDA दिनांक 29.01.2024 द्वारा पुनः तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया। किन्तु आपके द्वारा जवाब अब तक अप्राप्त है।

विदित हो कि आपके द्वारा कराये गये कार्यों का भुगतान भी अद्यतन है।

उपर्युक्त वस्तुस्थिति के आलोक में एवं कार्यहित में आपके द्वारा वर्णित निर्माण कार्य में अभिरूचि नहीं लेने एवं एकरारनामा में निहित सुसंगत निदेशों को अनुपालन नहीं करने के कारण परियोजना के निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक **(निबंधन संख्या– IDA/23/Class-I/22)** को अगले किसी निविदा में भाग लेने से **वंचित (Debar) किया जाता है।**

विश्वासभाजन

9/2/24

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

ज्ञापांक 769/PDA दिनांक 09/02/24 P.K

प्रतिलिपिः प्रबंध निदेशक को सादर सूचनार्थ समर्पित।

9/2/24

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

P.K